103433 - तंग कपड़ों में नमाज़ पढ़ने का हुक्म

प्रश्न

तंग कपड़ों में नमाज़ पढ़ने का क्या हुक्म है? क्या उन्हें पहनने वाला लोगों को नमाज़ पढ़ा सकता है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“तंग कपड़े पहनना पुरुषों और महिलाओं सभी के लिए मकरूह (नापसंदीदा) है। धर्मसंगत यह है कि कपड़े मध्यम होने चाहिए, न तो तंग जो गुप्तांगों के आकार को दर्शाते हों, और न ही चौड़े, बल्कि उनके बीच का होना चाहिए।

जहाँ तक (ऐसे कपड़ों में) नमाज़ पढ़ने का सवाल है, तो वह सही है - अगर वह शरीर को ढकने वाला है -, लेकिन मोमिन पुरुष तथा महिला के लिए ऐसे कपड़े पहनना मकरूह (नापसंदीदा) है। पोशाक तंग और चौड़ी के बीच होनी चाहिए। यही उचित है।” उद्धरण समाप्त हुआ।

“मजमूओ फ़तावा शैख इब्न बाज़” (29/217)